# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांकः 28.08.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कुछ महाविद्यालयों/संस्थानों के स्नातक कक्षाओं के परीक्षा परिणाम किन्हीं कारणों से घोषित न हेने के कारण कुछ छात्र/छात्राऐं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण से वंचित रह गये थे। अतः विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित सभी परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों एवं परास्नातक स्तर के सभी सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर देते हुऐ पुनः आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 30.08.2025 से दिनांक 02.09.2025 तक खोले जा रहें है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 02.09.2025 तक प्रवेश हेतु अपना आनॅलाईन पंजीकरण अवश्य कर लें। अगर किसी अभ्यर्थी के पंजीकरण फार्म में **Academic Profile** में कोई त्रुटि जैसे **(Percentage/Marks /Weightage related)** हो गई है तो वे अभ्यर्थी अपनी समर्थ लॉगइन आई0डी0 से लॉगइन करके अपने पंजीकरण फार्म में दिनांक 30.08.2025 से दिनांक 02.09.2025 तक सुधार कर सकते है। यहाँ यह भी सूचित किया जाता है कि जिन अभ्यर्थियों ने पंजीकरण फार्म में स्नातक कक्षा के पंचम सेमेस्टर तक के अंक भर कर फार्म जमा कर दिया था वे अभ्यर्थी अपने पंजीकरण फार्म में सुधार कर अपने स्नातक कक्षा के अंतिम सेमेस्टर तक के अंक अपलोड कर दें और जिन अभ्यर्थियों ने अपने पंजीकरण फार्म में **CGPA** भर दिया तो वे अभ्यर्थी अपने फार्म में सुधार कर स्नातक कक्षा के **total marks** एवं **obtained marks** भर दें। दिनांक 03.09.2025 को विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान पुनः **registration data** डाउनलोड करेंगे एवं विश्वविद्यालय द्वारा पुनः घोषित समय सारणी के अनुसार द्वितीय वरीयता सूची तैयार कर प्रवेश करेंगे।

28/8/25
प्रवेश समन्वयक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
3. परीक्षा नियंत्रक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

28/8/25
प्रवेश समन्वयक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ